**भारत सरकार**

**विद्युत मंत्रालय**

**....**

**लोक सभा**

**अतारांकित प्रश्न संख्या-4202**

**जिसका उत्तर 18 जुलाई, 2019 को दिया जाना है ।**

**गाँवों का विद्युतीकरण**

**4202. श्रीमती दिया कुमारीः**
**श्रीमती रीती पाठकः**

क्या **विद्युत** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) गत पांच वर्षों के दौरान राज्य/संघ राज्यक्षेत्र-वार कितने गांवों का विद्युतीकरण किया गया है;

(ख) उक्त अवधि के दौरान राज्य/संघ राज्यक्षेत्र-वार कितनी निधि व्यय की गई है;

(ग) राजस्थान राज्य के पाली, अजमेर, नागौर और राजसमंद जिले में कितने गांवों का विद्युतीकरण किया गया है और कितने गांवों का विद्युतीकरण किया जाना बाकी है;

(घ) बाकी गांवों का कब तक विद्युतीकरण किए जाने की संभावना है; और

(ङ) सरकार द्वारा प्रत्येक जिले में कितने घंटे विद्युत आपूर्ति करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है और देश के प्रत्येक राज्य में इसकी वर्तमान स्थिति क्या है?

**उत्तर**

**विद्युत और नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) तथा कौशल विकास एवं उद्यमशीलता राज्य मंत्री**

**(श्री आर. के. सिंह)**

**(क) से (घ) :** राज्यों द्वारा दी गई सूचना के अनुसार 28.04.2018 की स्थिति के अनुसार राजस्थान के पाली, अजमेर, नागौर और राजसमंद जिलों सहित संपूर्ण देश के सभी आवासित जनगणना गांवों का विद्युतीकरण कर दिया गया है। पिछले पांच वर्षों अर्थात 2014-15 से 2018-19 के दौरान दीनदयाल उपाध्याय ग्राम ज्योति योजना (डीडीयूजीजेवाई) के अंतर्गत 19,779 जनगणना गांवों का विद्युतीकरण किया गया था। 41,600 करोड़ रुपए की राशि राज्यों को संवितरित की गई थी। इस योजना के अंतर्गत राज्य-वार विद्युतीकृत गांव और संवितरित निधियां क्रमश: **अनुबंध-I** और **अनुबंध-II** में दी गई हैं।

**(ङ) :** सभी उपभोक्ताओं को निर्बाध तथा गुणवत्तापूर्ण विद्युत की आपूर्ति राज्य सरकारों/विद्युत यूटिलिटियों के अधिकार-क्षेत्र में आती है। सभी राज्यों और संघ राज्य-क्षेत्रों ने अप्रैल, 2019 से सभी घरों, औद्योगिक और वाणिज्यिक उपभोक्ताओं को 24X7 विद्युत आपूर्ति उपलब्ध कराने तथा राज्य नीति के अनुसार कृषि उपभोक्ताओं को विद्युत की पर्याप्त आपूर्ति करने के लिए भारत सरकार के साथ समझौता-ज्ञापन (एमओयू) किए हैं। भारत सरकार दीनदयाल उपाध्याय ग्राम ज्योति योजना (डीडीयूजीजेवाई), एकीकृत विद्युत विकास योजना (आईपीडीएस), प्रधान मंत्री सहज बिजली हर घर योजना - सौभाग्य तथा उज्ज्वल डिस्कॉम एश्योरेंस योजना (उदय) सहित अपनी योजनाओं के जरिए राज्यों के प्रयासों को बढ़ावा देती है। राज्यों द्वारा दी गई सूचना के अनुसार ग्रामीण क्षेत्रों में विद्युत आपूर्ति के घंटों की राज्य-वार संख्या **अनुबंध-III** में दी गई है।

******

**<u>अनुबंध-I</u>**

**लोक सभा में दिनांक 18.07.2019 को उत्तरार्थ अतारांकित प्रश्न संख्या 4202 के भाग (क) से (घ) के उत्तर में उल्लिखित अनुबंध।**

***********

**पिछले पांच वर्षों के दौरान डीडीयूजीजेवाई के अंतर्गत आवासित जनगणना गांवों का राज्यवार विद्युतीकरण**

| क्रम सं. | राज्य का नाम | विद्युतीकृत गांवों की संख्या |
|---|---|---|
| 1 | अरुणाचल प्रदेश | 1,590 |
| 2 | असम | 2,922 |
| 3 | बिहार | 3,247 |
| 4 | छत्तीसगढ़ | 1,145 |
| 5 | हिमाचल प्रदेश | 34 |
| 6 | जम्मू और कश्मीर | 138 |
| 7 | झारखंड | 2,744 |
| 8 | कर्नाटक | 39 |
| 9 | मध्य प्रदेश | 508 |
| 10 | महाराष्ट्र | 80 |
| 11 | मणिपुर | 558 |
| 12 | मेघालय | 1,094 |
| 13 | मिजोरम | 101 |
| 14 | नागालैंड | 88 |
| 15 | ओडिशा | 3,294 |
| 16 | राजस्थान | 497 |
| 17 | त्रिपुरा | 26 |
| 18 | उत्तर प्रदेश | 1,557 |
| 19 | उत्तराखंड | 95 |
| 20 | पश्चिम बंगाल | 22 |
| **कुल** | | **19,779** |

***********

**<u>अनुबंध-II</u>**

**लोक सभा में दिनांक 18.07.2019 को उत्तरार्थ अतारांकित प्रश्न संख्या 4202 के भाग (क) से (घ) के उत्तर में उल्लिखित अनुबंध।**

***********

**पिछले पांच वर्षों के दौरान डीडीयूजीजेवाई के अंतर्गत राज्यवार संवितरित निधियां**

**(करोड़ रुपए में)**

| क्रम सं. | राज्य का नाम | कुल |
|---|---|---|
| 1 | आंध्र प्रदेश | 518 |
| 2 | अरुणाचल प्रदेश | 433 |
| 3 | असम | 2539 |
| 4 | बिहार | 6667 |
| 5 | छत्तीसगढ़ | 1130 |
| 6 | गुजरात | 505 |
| 7 | हरियाणा | 53 |
| 8 | हिमाचल प्रदेश | 43 |
| 9 | जम्मू और कश्मीर | 607 |
| 10 | झारखंड | 2561 |
| 11 | कर्नाटक | 871 |
| 12 | केरल | 294 |
| 13 | मध्य प्रदेश | 2769 |
| 14 | महाराष्ट्र | 925 |
| 15 | मणिपुर | 205 |
| 16 | मेघालय | 238 |
| 17 | मिजोरम | 109 |
| 18 | नागालैंड | 148 |
| 19 | ओडिशा | 3335 |
| 20 | पंजाब | 57 |
| 21 | राजस्थान | 2627 |
| 22 | सिक्किम | 39 |
| 23 | तमिलनाडु | 433 |
| 24 | तेलंगाना | 158 |
| 25 | त्रिपुरा | 349 |
| 26 | उत्तर प्रदेश | 11342 |
| 27 | उत्तराखंड | 392 |
| 28 | पश्चिम बंगाल | 2245 |
| 29 | गोवा | 3 |
| 30 | दादरा व नागर हवेली | 1 |
| 31 | पुडुचेरी | 1 |
| 32 | अंडमान निकोबार | 1 |
| | **कुल** | **41600** |

***********

<u>**अनुबंध-III**</u>

**लोक सभा में दिनांक 18.07.2019 को उत्तरार्थ अतारांकित प्रश्न संख्या 4202 के भाग (ङ) के उत्तर में उल्लिखित अनुबंध।**

*************

**ग्रामीण क्षेत्रों को विद्युत आपूर्ति की स्थिति**

**मई, 2019 के दौरान**

| **क्रम सं.** | **राज्य** | **ग्रामीण क्षेत्रों को एक दिन में विद्युत आपूर्ति के औसत घंटे** |
|---|---|---|
| 1 | आंध्र प्रदेश | 23.92 |
| 2 | अरुणाचल प्रदेश* | 14.30 |
| 3 | असम | 19.00 |
| 4 | बिहार | 22.07 |
| 5 | छत्तीसगढ़ | 23.00 |
| 6 | गुजरात | 24.00 |
| 7 | हरियाणा | 17.88 |
| 8 | हिमाचल प्रदेश | 24.00 |
| 9 | जम्मू और कश्मीर | 15.00 |
| 10 | झारखंड | 17.83 |
| 11 | कर्नाटक | 18.63 |
| 12 | केरल | 24.00 |
| 13 | मध्य प्रदेश | 23.78 |
| 14 | महाराष्ट्र | 24.00 |
| 15 | मणिपुर | 22.25 |
| 16 | मेघालय | 17.50 |
| 17 | मिजोरम | 16.10 |
| 18 | नागालैंड | 21.00 |
| 19 | ओडिशा | 20.08 |
| 20 | पंजाब | 24.00 |
| 21 | राजस्थान | 21.00 |
| 22 | सिक्किम * | 17.13 |
| 23 | तमिलनाडु * | 24.00 |
| 24 | तेलंगाना | 24.00 |
| 25 | त्रिपुरा | 23.50 |
| 26 | उत्तर प्रदेश* | 17.89 |
| 27 | उत्तराखंड | 23.95 |
| 28 | पश्चिम बंगाल | 24.00 |

* अरुणाचल प्रदेश, सिक्किम, उत्तर प्रदेश और तमिलनाडु के लिए आंकड़े 2019 तक लिए गए हैं।

*************